# वार्षिक प्रतिवेदन

# सत्र 2024-25

## विवरण: राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना (सोनीपत)

**परिचय**

गोहाना व उसके आसपास के गांव के विद्वानों व दानदाताओं ने 1962 के भारत-चीन व 1965 के भारत-पाक युद्ध में हुए शहीदों की याद में इस महाविद्यालय को 1966 में बनवाया और इसका नाम 'वार हीरोज मेमोरियल कॉलेज' रखा गया। 12 फरवरी 1981 को हरियाणा सरकार ने इस महाविद्यालय का अधिग्रहण कर लिया। शैक्षणिक सत्र 2017-18 से इस महाविद्यालय को सरकार ने केवल लड़कियों के लिए आरक्षित कर दिया , अतः महाविद्यालय का नाम राजकीय महिला महाविद्यालय हो गया।

26 व 27 जुलाई 2024 को नैक की टीम ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया और महाविद्यालय को B+ ग्रेड प्रदान किया है। हरियाणा में बहुत कम राजकीय महाविद्यालयों को B+ या उससे ज्यादा ग्रेड प्राप्त है। महाविद्यालय में खेल का मैदान न होने व 1/3 बिल्डिंग कंडम घोषित करने के बाद यह ग्रेड मिलना महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। यह महाविद्यालय जिला सोनीपत के राजकीय महाविद्यालयों में सबसे बड़ा व सबसे पुराना है। इस सत्र में महाविद्यालय में कुल 2012 छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। इस महाविद्यालय में कला , विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों संकाय हैं। शैक्षणिक सत्र 2009 -10 से महाविद्यालय में एमकॉम की व 2021-22 के शैक्षणिक सत्र से एमएससी जियोग्राफी की कक्षाएं प्रारंभ हुई हैं। महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में छात्राओं के एडमिशन के लिए 1100 सीटें उपलब्ध हैं। महाविद्यालय उच्च शिक्षा की इच्छुक ग्रामीण

परिवेश की छात्राओं को उत्तम एवं उपयोगी अवसर प्रदान कर रहा है। यह गोहाना उपमंडल के लिए गौरव की बात है।

**शिक्षक वर्ग**

महाविद्यालय में शिक्षकों के 74 पद स्वीकृत हैं, वर्तमान में 57 शिक्षक कार्यरत हैं। कर्मचारी वर्ग में 40 पद स्वीकृत हैं, वर्तमान में 33 कर्मचारी कार्यरत हैं।

**कंप्यूटर लैब**

महाविद्यालय में चार कंप्यूटर लैब हैं। दो कंप्यूटर लैब स्मार्ट बोर्ड के साथ हैं। इसी वर्ष महाविद्यालय में एक अत्याधुनिक तकनीक से लैस कंप्यूटर लैब का निर्माण किया गया है जिसमें पांच कंप्यूटर i7 प्रोसेसर और 16 कंप्यूटर i5 प्रोसेसर के साथ लगाए गए हैं। इसके अंदर एक वेबकैम युक्त स्मार्ट पैनल भी लगाया गया है जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

महाविद्यालय में एक Language लैब भी है जिसमें हिंदी , अंग्रेजी व संस्कृत सिखाई जाती है।

इन सभी लेबों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है।

**पुस्तकालय**

महाविद्यालय में एक भव्य पुस्तकालय है जिसमें 30142 पुस्तकों का संग्रह है। हमारा पुस्तकालय पूर्णतया कंप्यूटरीकृत है तथा पुस्तकों का आदान-प्रदान भी कंप्यूटर से किया जाता है। पुस्तकालय में हिंदी व अंग्रेजी के 8 समाचार पत्र व 14 पत्रिकाएं आती हैं। हिंदी व अंग्रेजी दोनों माध्यम में रोजगार समाचार पत्र भी प्रति सप्ताह आता है।

**विज्ञान प्रदर्शनी**

9 नवंबर 2024 को महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि गोहाना नगर परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती रजनी

विरमानी जी रही। इसमें स्मार्ट डस्टबिन, स्मार्ट सिटी, आयुर्वेद से कैंसर बचाव, पराली से जैव ईंधन बनाने की प्रक्रि या और दिव्यांग सब्जी विक्रेताओं का कार्ट बनाना आदि मॉडल प्रस्तुत किए गए।

**खेल**

खेलों में भी हमारी छात्राएं बढ़ चढ़कर भाग लेती हैं। दो छात्राओं को अखिल भारतीय एथलीट मीट में भाग लेने के लिए चुना गया व दो छात्राओं को विश्वविद्यालय की बैडमिंटन टीम में चुना गया। पांच छात्राओं को सर्कल कबड्डी की विश्वविद्यालय टीम में चुना गया जिसे अखिल भारतीय सर्कल कबड्डी चैंपियनशिप में तीसरा स्थान मिला। 43वीं वार्षिक एथलेटिक मीट 29 जनवरी 2025 को आयोजित की गई। श्री ओमप्रकाश नरवाल आईपीएस आईजी मधुबन इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे।

**NSS**

महाविद्यालय में NSS की दो यूनिट हैं। इनके अंतर्गत हर घर तिरंगा यात्रा, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता अभियान, सूर्य नमस्कार व सात दिवसीय शिविर आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**महिला प्रकोष्ठ**

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ है जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां करवाई गई हैं जिनमें अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान, जागरूकता शिविर, सात दिवसीय योग एवं ध्यान कार्यशाला और आत्मरक्षा कार्यशाला आदि का आयोजन किया गया।

**NCC**

महाविद्यालय में इस समय एनसीसी की एक यूनिट है। महाविद्यालय के 14 कैडेट्स ने 'सी' सर्टिफिकेट के लिए और 19 कैडेट्स ने 'बी' सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा दी। महाविद्यालय की कैडेट्स हर वर्ष 15 अगस्त व 26 जनवरी को

उपमंडल स्तर पर होने वाली परेड में भाग लेती हैं। इस वर्ष
हमारी टुकड़ी ने परेड में स्वतंत्रता दिवस पर द्‌वितीय व गणतंत्र दिवस पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

**सांस्कृतिक गतिविधियां**

सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत इस वर्ष महाविद्‌यालय में प्रतिभा खोज समारोह 'उमंग' का सफल आयोजन किया गया।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्‌यालय खानपुर कलां के यूथ फेस्टिवल **"UNIFEST 2024-25"** का आयोजन 22 से 24 अक्टूबर को ताऊ देवीलाल गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वूमेन , मुरथल, सोनीपत में किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए इस कॉलेज की छात्राओं ने 18 ट्रॉफी जीत कर महाविद्‌यालय को गौरवान्वित किया है।

इसके अतिरिक्त 13-14 जनवरी 2025 को महाविद्‌यालय में सांस्कृतिक समारोह 'इंद्रधनुष' का रंगारंग आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं
ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

छात्राओं को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने के लिए महाविद्‌यालय में मुख्य त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं।

**शैक्षणिक भ्रमण**

इस वर्ष छात्राओं की एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला सूरज कुंड व तीन दिवसीय शैक्षणिक यात्रा आगरा,
फतेहपुर सीकरी और वृंदावन के लिए कराई गई।

**मेरिट**

हमारी छात्राएं प्रतिवर्ष विश्वविद्‌यालय की मेरिट लिस्ट में उच्च स्थान प्राप्त करती रही हैं। पराग पुत्री प्रमोद ने बीए में,
नेहा पुत्री राम मेहर ने बीएससी कंप्यूटर साइंस में,

ईशा पुत्री जगजीत ने बीएससी मेडिकल साइंस में,
रिया पुत्री मनोज कुमार ने बीएससी नॉन मेडिकल साइंस में,
योगिता पुत्री हरिओम ने एमकॉम में और गीता पुत्री विजेंद्र ने एमएससी ज्योग्राफी में विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

**NET-JRF**

पिछले शैक्षणिक सत्र में उत्तीर्ण एमकॉम की दो छात्राओं आशा और अंजू ने JRF व चार छात्राओं नरगिस , योगिता, सुप्रिया व रिया ने NET की परीक्षा पास की और पीएचडी में एडमिशन लिया। एमएससी जि योग्राफी की छात्रा ज्योति ने लगातार दो बार नेट की परीक्षा पास करके महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

धन्यवाद।